JP-2

This booklet contains 64 pages.
इस पुस्तिका में 64 पृष्ठ हैं ।

PAPER II / प्रश्न-पत्र II

MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका

Test Booklet Code
परीक्षा पुस्तिका संकेत

P

Test Booklet No.
परीक्षा पुस्तिका संख्या

2711205

Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.
इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।

Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.
इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।

INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $2\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **P.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :
   Part-I : Child Development and Pedagogy (Q. 1 to Q. 30)
   Part-II : Mathematics and Science (Q. 31 to Q. 90)
   Part-III : Social Studies / Social Science (Q. 31 to Q. 90)
   Part-IV : Language I - (English/Hindi) (Q. 91 to Q. 120)
   Part-V : Language II - (English/Hindi) (Q. 121 to Q. 150)
6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science)
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Part-V (Language-II) in a language other than the one chosen as Language-I (in Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $2\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **P**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :
   भाग-I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र (प्र. 1 से प्र. 30)
   भाग-II : गणित व विज्ञान (प्र. 31 से प्र. 90)
   भाग-III : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान (प्र. 31 से प्र. 90)
   भाग-IV : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्र. 91 से प्र. 120)
   भाग-V : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्र. 121 से प्र. 150)
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
8. **परीक्षार्थी भाग-V (भाषा-II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

SEAL

Name of the Candidate (in Capitals) : _____
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number : in figures _____
अनुक्रमांक : अंकों में

: in words _____
: शब्दों में

Centre of Examination (in Capitals) : _____
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : _____ Invigilator's Signature : _____
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent _____

P P

PART - I / भाग - I

CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

Directions : *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

1. Which one of the following is a critique of theory of multiple intelligences ?

(1) Multiple intelligence are only the 'talents' present in intelligence as a whole.

(2) Multiple intelligence provides students to discover their propensities.

(3) It overemphasises practical intelligence.

(4) It cannot be supported by empirical evidence at all.

2. Which one of the following pair is least likely to be a correct match ?

(1) Children enter in the world with certain knowledge about language – Chomsky

(2) Language and thought are initially two different activities – Vygotsky

(3) Language is contingent on thought – Piaget

(4) Language is a stimuli in enviornment – B.F. Skinner

3. Features assigned due to social roles and not due to biological endowment are called

(1) Gender role attitudes

(2) Gender role strain

(3) Gender-role stereotype

(4) Gender role diagnosticity

निर्देश : *सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

1. निम्नलिखित में से कौन-सी बहुबुद्धि सिद्धांत की आलोचना है ?

(1) बहुबुद्धि केवल 'प्रतिभाएँ' हैं जो पूर्ण रूप में बुद्धि में विद्यमान रहती हैं ।

(2) बहुबुद्धि शिक्षार्थियों को अपनी रुझान को खोजने में मदद उपलब्ध कराती है ।

(3) यह व्यावहारिक बुद्धि पर आवश्यकता से अधिक बल देती है ।

(4) यह आनुभविक साक्ष्यों को बिलकुल भी समर्थन नहीं दे सकता ।

2. निम्नलिखित में से कौन से युग्म के सही होने की संभावना सबसे कम है ?

(1) बच्चे भाषा के बारे में निश्चित ज्ञान के साथ प्रवेश करते हैं । – चॉम्स्की

(2) भाषा और विचार प्रारंभ में दो भिन्न गतिविधियाँ हैं । – वाइगोत्स्की

(3) भाषा विचार पर आधारित है । – पियाजे

(4) भाषा वातावरण में एक उद्दीपक है । – बी.एफ. स्किनर

3. सामाजिक भूमिकाओं के कारण न कि जीववैज्ञानिक संपत्ति के कारण सौंपी गई विशिष्टताएँ _____ कहलाती हैं ।

(1) जेंडर भूमिका अभिवृत्ति

(2) जेंडर भूमिका दबाव

(3) जेंडर भूमिका रूढ़िबद्धता

(4) जेंडर भूमिका नैदानिकी

4. **Which of the following will be most appropriate to maximise learning ?**
   (1) Teacher should identify her cognitive style as well as of her students' cognitive style.
   (2) Individual difference in students should be smoothened by pairing similar students.
   (3) Teacher should focus on only one learning style to bring optimum result.
   (4) Students of similar cultural background should be kept in the same class to avoid difference in opinion.

5. **All of the following promote assessment as learning <u>except</u>**
   (1) telling students to take internal feedback.
   (2) generating a safe environment for students to take chances.
   (3) tell students to reflect on the topic taught.
   (4) testing students as frequently as possible.

6. **When a cook tastes a food during cooking it may be akin to**
   (1) Assessment of learning
   (2) Assessment for learning
   (3) Assessment as learning
   (4) Assessment and learning

7. **Differentiated instruction is**
   (1) using a variety of groupings to meet student needs.
   (2) doing something different for every student in the class.
   (3) disorderly or undisciplined student activity.
   (4) using groups that never change.

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम को अधिकतम करने के लिए सर्वाधिक उचित है ?**
   (1) शिक्षिका को अपनी संज्ञानात्मक शैली के साथ-साथ अपने शिक्षार्थियों की संज्ञानात्मक शैली की पहचान करनी चाहिए ।
   (2) शिक्षार्थियों में वैयक्तिक भिन्नता को सहज बनाने के लिए समान शिक्षार्थियों के जोड़ बनाए जा सकते हैं ।
   (3) अधिकतम परिणाम लाने के लिए शिक्षक केवल एक अधिगम शैली पर ध्यान केंद्रित करता है ।
   (4) समान सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षार्थियों को एक कक्षा में रखना चाहिए ताकि मत वैभिन्न्य से बचा जा सके ।

5. **_____ के अतिरिक्त निम्नलिखित सभी सीखने के रूप में आकलन को बढ़ावा देते हैं ।**
   (1) शिक्षार्थियों को आंतरिक पृष्ठपोषण लेने के लिए कहना ।
   (2) अवसर लेने हेतु शिक्षार्थियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना ।
   (3) पढ़ाए गए विषय पर मनन करने के लिए शिक्षार्थियों को कहना ।
   (4) जितनी संभावना हो शिक्षार्थियों का लगातार परीक्षण लेना ।

6. **जब एक बावर्ची खाना पकाते समय खाने को चखता है तो वह _____ के समान है ।**
   (1) सीखने का आकलन
   (2) सीखने के लिए आकलन
   (3) सीखने के रूप में आकलन
   (4) आकलन और सीखना

7. **अंतरपरक अनुदेशन है**
   (1) शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समूहीकरण के विविध रूपों का प्रयोग करना ।
   (2) कक्षा में प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए कुछ अलग करना ।
   (3) अव्यवस्थित अथवा स्वच्छंद शिक्षार्थी गतिविधियाँ
   (4) ऐसे समूहों का प्रयोग जो कभी नहीं बदलते

8. **In a culturally and linguistically diverse classroom, before deciding whether a student comes under special education category, a teacher should**

(1) Not involve parents as parents have their own work

(2) Evaluate student on her/his mother language to establish disability

(3) Use specialised psychologists

(4) Segregate the child to neutralise environmental factor.

9. **Learning disabilities may occur due to all of the following except**

(1) Teachers way of teaching

(2) Prenatal use of alcohol

(3) Mental Retardation

(4) Meningitis during infancy

10. **An inclusive school reflects on all the following questions except :**

(1) Do we believe that all students can learn

(2) Do we work in teams to plan and deliver learning enabling environment

(3) Do we properly segregate special children from normal to provide better care

(4) Do we adopt strategies catering for the diverse needs of students

11. **Gifted students are**

(1) Convergent thinkers

(2) Divergent thinkers

(3) Extrovert

(4) Very hard working

8. **सांस्कृतिक तथा भाषिक रूप से वैविध्यपूर्ण कक्षा में यह निश्चित करने से पहले कि शिक्षार्थी विशिष्ट शिक्षा-वर्ग में आता है या नहीं, एक शिक्षक को करना चाहिए –**

(1) माता-पिता को इसमें सम्मिलित नहीं करना चाहिए क्योंकि उनके पास अपना कार्य होता है ।

(2) अक्षमता स्थापित करने से पहले शिक्षार्थी की मातृभाषा का मूल्यांकन करना चाहिए ।

(3) पारंगत मनोविज्ञानियों का उपयोग

(4) वातावरणीय कारकों को अप्रभावी बनाने के लिए बच्चे को अलग कर देना चाहिए ।

9. **निम्नलिखित में से ____ के अतिरिक्त सभी के कारण अधिगम अक्षमता उत्पन्न हो सकती है –**

(1) शिक्षक की शिक्षण-शैली

(2) जन्म से पहले माँ द्वारा मदिरा-सेवन

(3) मंदबुद्धिता

(4) शैशवकाल के समय दिमागी बुखार

10. **एक समावेशी विद्यालय _____ के अतिरिक्त निम्नलिखित सभी प्रश्नों पर मनन करता है ।**

(1) क्या हम यह विश्वास करते हैं कि सभी शिक्षार्थी सीख सकते हैं ?

(2) क्या हम अधिगमयोग्य परिवेश की योजना बनाने और उसे प्रदान करने के लिए समूह में कार्य करते हैं ?

(3) क्या हम विशेष बालक को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराने के लिए उचित तरीके से उन्हें सामान्य से अलग करते हैं ?

(4) क्या हम शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए युक्तियाँ अपनाते हैं ?

11. **प्रतिभाशाली शिक्षार्थी _____ हैं ।**

(1) अभिसारी चिंतक

(2) अपसारी चिंतक

(3) बहिर्मुखी

(4) बहुत परिश्रमी

12. **The shaded area represent students in a normal distribution who fall**



(1) At $\sigma = 0$
(2) Between 2σ-3σ
(3) After 3σ
(4) Between σ-2σ

13. **Which one of the following pair would be most appropriate choice to complete the following sentence ?**
Children _____ faster when they are involved in the activities that seem to be _____.
(1) Forget; useful in a classroom
(2) Recall; linked with their classwork only
(3) Memorise; culturally neutral
(4) Learn; useful in real life

14. **CBSE prescribed group activities for students in place of activities for individual students. The idea behind doing so could be**
(1) to overcome the negative emotional response to individual competition which may generalise across learning.
(2) to make it easy for teachers to observe groups instead of individual students.
(3) to rationalise the time available with schools most of which do not have enough time for individual activities.
(4) to reduce the infrastructural cost of the activity.

12. **छायांकित क्षेत्र सामान्य वितरण में उन शिक्षार्थियों को प्रदर्शित करता है जो _____ में आते हैं**



(1) $\sigma = 0$ पर
(2) 2σ-3σ के बीच
(3) 3σ के बाद
(4) σ-2σ के बीच

13. **दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सर्वाधिक उचित विकल्प होगा ?**
जब बच्चे उन गतिविधियों में शामिल होते हैं जो _____ होती हैं, तब वे जल्दी _____ करते हैं ।
(1) कक्षा-कक्ष में उपयोगी; विस्मरण
(2) केवल उनके कक्षा-कार्य से संबंधित; प्रत्यास्मरण
(3) सांस्कृतिक रूप से निष्पक्षीय; स्मरण
(4) वास्तविक जीवन में उपयोगी; सीखा

14. **सी.बी.एस.ई. शिक्षार्थियों के लिए व्यक्तिगत गतिविधियों के स्थान पर सामूहिक गतिविधियों की संस्तुति करती है । ऐसा करने के पीछे विचार हो सकता है**
(1) व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा के प्रति नकारात्मक संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं से उबारना जो संपूर्ण अधिगम पर सामान्यीकृत हो सकती हैं ।
(2) प्रत्येक शिक्षार्थी के स्थान पर समूह में अवलोकन द्वारा शिक्षक के कार्य को सरल बनाने के लिए ।
(3) विद्यालयों के पास उपलब्ध समय को प्रासंगिक बनाना जबकि उनमें से अधिकांश के पास व्यक्तिगत गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय नहीं होता ।
(4) गतिविधि की ढाँचागत लागत को कम करना ।

15. **The conclusion *'Children can learn violent behaviour depicted in movies'* may be derived on the basis of the work done by which of the following psychologist ?**
(1) Edward L. Thorndike
(2) J.B. Watson
(3) Albert Bandura
(4) Jean Piaget

16. **Students observe fashion shows and try to imitate models. This kind of imitation may be called**
(1) Primary simulation
(2) Secondary simulation
(3) Social learning
(4) Generalisation

17. **If students repeatedly make errors during a lesson, a teacher should**
(1) make changes in instruction, tasks, timetable or seating arrangements.
(2) leave the lesson for the time being and come back to it after some time.
(3) identify the erring students and talk to principal about them.
(4) make erring students stand outside the classroom.

18. **Following are some techniques to manage anxiety due to an approaching examination; except**
(1) familiarising with the pattern of question paper.
(2) thinking too much about the result.
(3) seeking support.
(4) emphasising strengths.

19. **Bloom's taxonomy is a hierarchical organisation of _____.**
(1) achievement goals
(2) curricular declarations
(3) reading skills
(4) cognitive objectives

15. **'बच्चे फ़िल्मों में दिखाए गए हिंसात्मक व्यवहार को सीख सकते हैं ।' यह निष्कर्ष निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक द्वारा किए गए कार्य पर आधारित हो सकता है ?**
(1) एडवर्ड एल. थॉर्नडाइक
(2) जे.बी. वाटसन
(3) एल्बर्ट बंडूरा
(4) जीन पियाजे

16. **शिक्षार्थी फैशन शो को देखकर मॉडल्स का अनुकरण करने की कोशिश करते हैं । इस प्रकार के अनुकरण को _____ कहा जा सकता है ।**
(1) प्राथमिक अनुकरण
(2) गौण अनुकरण
(3) सामाजिक अधिगम
(4) सामान्यीकरण

17. **यदि शिक्षार्थी पाठ के दौरान लगातार गलतियाँ करते हैं तो शिक्षक को**
(1) अनुदेशन, कार्य, समय-सारिणी अथवा बैठने की व्यवस्था में परिवर्तन करना चाहिए ।
(2) पाठ को कुछ समय के लिए छोड़ देना चाहिए और कुछ समय के बाद वापस जाना चाहिए ।
(3) गलतियाँ करने वाले शिक्षार्थियों की पहचान करनी चाहिए और उनके बारे में प्राचार्य से बात करना चाहिए ।
(4) गलतियाँ करने वाले शिक्षार्थियों को कक्षा-कक्ष से बाहर खड़ा कर देना चाहिए ।

18. **_____ के अतिरिक्त निम्नलिखित कुछ तकनीकें हैं जो परीक्षा के कारण होने वाली चिंता को दूर करती हैं ।**
(1) प्रश्न-पत्र की संरचना (पैटर्न) से परिचित कराना
(2) परिणाम के बारे में बहुत अधिक सोचना
(3) समर्थन प्राप्त करना
(4) विशिष्टताओं पर बल देना

19. **ब्लूम की टैक्सोनॉमी _____ की पदानुक्रमिक व्यवस्था है ।**
(1) उपलब्धि लक्ष्यों
(2) पाठ्यचर्या संबंधी घोषणाओं
(3) पठन कौशल
(4) संज्ञानात्मक उद्देश्यों

20. **A, B and C are three students studying English. 'A' finds it interesting and thinks it will be helpful for her in future. 'B' studies English as she wants to secure first rank in the class. 'C' studies it as she is primarily concerned to secure passing grades. The goals of A, B and C respectively are**

(1) Mastery, Performance, Performance Avoidance

(2) Performance, Performance Avoidance, Mastery

(3) Performance Avoidance, Mastery, Performance

(4) Mastery, Performance Avoidance, Performance

21. **Even though this was clearly in violation of his safety needs, Captain *Vikram Batra* died fighting in the *Kargil* War while protecting his country. He might have**

(1) sought novel experience.

(2) achieved self-actualisation.

(3) ignored his belongingness needs.

(4) wanted to earn a good name to his family.

22. **Extinction of a response is more difficult following**

(1) partial reinforcement

(2) continuous reinforcement

(3) punishment

(4) verbal reproach

23. **Mastery orientation can be encouraged by**

(1) focusing on students' individual effort.

(2) comparing students' successes with each other.

(3) assigning lot of practice material as home assignments.

(4) taking unexpected tests.

20. **अ, ब, स तीन शिक्षार्थी हैं जो अंग्रेज़ी पढ़ते हैं । 'अ' को यह विषय रोचक लगता है और वह सोचता है कि यह उसके भविष्य में सहायक होगा । 'ब' अंग्रेज़ी इसलिए पढ़ती है, क्योंकि वह कक्षा में पहला स्थान प्राप्त करना चाहती है । 'स' अंग्रेज़ी विषय इसलिए पढ़ता है, क्योंकि उसका प्राथमिक सरोकार उत्तीर्ण होने वाले ग्रेड्स प्राप्त करना है । अ, ब और स के उद्देश्य क्रमश: _____ हैं ।**

(1) निपुणता, निष्पादन, निष्पादन-उपेक्षा

(2) निष्पादन, निष्पादन-उपेक्षा, निपुणता

(3) निष्पादन-उपेक्षा, निपुणता, निष्पादन

(4) निपुणता, निष्पादन-उपेक्षा, निष्पादन

21. **हालांकि यह स्पष्ट रूप से उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के उल्लंघन में था, कैप्टन विक्रम बतरा अपने देश को बचाने के दौरान कारगिल युद्ध में मारे गए । संभवत: उन्हें _____ था/थी ।**

(1) नवीन अनुभव की प्राप्ति की इच्छा

(2) आत्म-सिद्धि की प्राप्ति

(3) अपने अपनत्व संबंधी आवश्यकताओं की उपेक्षा

(4) अपने परिवार के नाम की ख्याति-प्राप्ति

22. **प्रतिक्रिया का विलोप होना निम्नलिखित में से किसके बाद अधिक कठिन है ?**

(1) आंशिक पुनर्बलन

(2) निरंतर पुनर्बलन

(3) दंड

(4) मौखिक भर्त्सना

23. **_____ के द्वारा निपुणता अभिविन्यास को प्रोत्साहित किया जा सकता है ।**

(1) शिक्षार्थियों के व्यक्तिगत प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने

(2) शिक्षार्थियों की सफलता की परस्पर तुलना करने

(3) गृह-कार्य के रूप में बहुत अधिक अभ्यास सामग्री देकर

(4) अनपेक्षित परीक्षा लेकर

24. **Which one of the following is correctly matched ?**

(1) Physical Development – Environment

(2) Cognitive Development – Maturation

(3) Social Development – Environment

(4) Emotional Development – Maturation

25. **All the following facts indicate that a child is emotionally and socially fit in a class <u>except</u>**

(1) develop good relationships with peers

(2) concentrate on and persist with challenging tasks

(3) manage both anger and joy effectively

(4) concentrate persistently on competition with peers

26. **Which of the following statements support role of environment in the development of a child ?**

(1) Some students quickly process information while others in the same class do not.

(2) There has been a steady increase in students' average performance on IQ tests in last few decades.

(3) Correlation between IQs of identical twins raised in different homes is as high as 0.75.

(4) Physically fit children are often found to be morally good.

24. **निम्न में से किसका मिलान उचित है ?**

(1) शारीरिक विकास – वातावरण

(2) संज्ञानात्मक विकास – परिपक्वता

(3) सामाजिक विकास – वातावरण

(4) संवेगात्मक विकास – परिपक्वता

25. **_____ के अतिरिक्त निम्नलिखित सभी तथ्य संकेत करते हैं कि बच्चा कक्षा में संवेगात्मक और सामाजिक रूप से समायोजित है**

(1) हमउम्र साथियों के साथ मधुर संबंधों का विकास

(2) चुनौतीपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना और उन्हें दृढ़तापूर्वक करते रहना

(3) क्रोध तथा हर्ष दोनों को प्रभावी रूप से प्रबंधित करना

(4) हमउम्र साथियों के साथ प्रतियोगिता पर दृढ़तापूर्वक ध्यान केंद्रित करना

26. **निम्न में से कौन सा कथन बच्चे के विकास में परिवेश की भूमिका का समर्थन करता है ?**

(1) कुछ शिक्षार्थी सूचनाओं का जल्दी प्रक्रमण करते हैं जबकि उसी कक्षा के अन्य विद्यार्थी ऐसा नहीं कर पाते ।

(2) पिछली कुछ दशाब्दियों में बुद्धि लब्धांक परीक्षा में शिक्षार्थियों के औसत प्रदर्शन में लगातार वृद्धि हुई है ।

(3) एकसमान जुड़वाँ बच्चे जिनका लालन-पालन भिन्न घरों में हुआ है, उनकी बुद्धि-लब्धि 0.75 के समान उच्च है ।

(4) शारीरिक रूप से स्वस्थ बच्चे अकसर नैतिक रूप से अच्छे पाए जाते हैं ।

27. **Socialisation includes cultural transmission and**
(1) discourages rebellion.
(2) development of individual personality.
(3) fits children into labels.
(4) provides emotional support.

28. **A teacher shows two identical glasses filled with an equal amount of juice in them. She empties them in two different glasses one of which is taller and the other one is wider. She asks her class to identify which glass would have more juice in it. Students reply that the taller glass has more juice. Her students have difficulty in dealing with**
(1) Accommodation
(2) Egocentrism
(3) Decentring
(4) Reversibility

29. **Karnail Singh does not pay income tax despite legal procedures and expenses. He thinks that he cannot support a corrupt government which spends millions of rupees in building unnecessary dams. He is probably in which state of Kohlberg's stages of moral development**
(1) Conventional
(2) Post Conventional
(3) Pre Conventional
(4) Para Conventional

30. **Intelligence theory incorporates the mental processes involved in intelligence (i.e. meta-components) and the varied forms that intelligence can take (i.e. creative intelligence)**
(1) Spearman's 'g' factor
(2) Sternberg's triarchic theory of intelligence
(3) Savant theory of intelligence
(4) Thurstone's primary mental abilities

27. **समाजीकरण में सम्मिलित हैं – सांस्कृतिक संचरण और _____ ।**
(1) विद्रोहियों को निरुत्साहित करना
(2) वैयक्तिक व्यक्तित्व विकास
(3) बच्चों को लेबलों में समायोजित करना
(4) संवेगात्मक समर्थन उपलब्ध कराना

28. **एक शिक्षिका दो एकसमान गिलासों को प्रदर्शित करती है जो जूस की समान मात्रा से भरे हुए हैं । वह उन्हें दो भिन्न गिलासों में खाली करती है जिनमें से एक लंबा है और दूसरा चौड़ा है । वह बच्चों को उस गिलास की पहचान करने के लिए कहती है जिसमें जूस ज़्यादा है । बच्चे प्रत्युत्तर देते हैं कि लंबे गिलास में जूस ज़्यादा है । शिक्षिका के बच्चों को _____ कठिनाई है ।**
(1) समायोजन
(2) अहम्‌केंद्रिता
(3) विकेंद्रीकरण
(4) पलटावी (Reversibility)

29. **करनैल सिंह कानूनी कार्यवाही तथा खर्चे के बावजूद आयकर नहीं देते । वे सोचते हैं कि वे एक भ्रष्ट सरकार को समर्थन नहीं दे सकते जो अनावश्यक बाँधों के निर्माण पर लाखों रुपए खर्च करती है । वे संभवत: कोहलबर्ग के नैतिक विकास की किस अवस्था में है ?**
(1) परंपरागत
(2) पश्च-परंपरागत
(3) पूर्व-परंपरागत
(4) परा-परंपरागत (Para Conventional)

30. **जो बुद्धि सिद्धांत बुद्धि में सम्मिलित मानसिक प्रक्रियाओं (जैसे परा-घटक) और बुद्धि द्वारा लिए जा सकने वाले विविध रूपों (जैसे सृजनात्मक बुद्धि) को शामिल करता है, वह है**
(1) स्पीयरमैन का 'जी' कारक
(2) स्टर्नबर्ग का बुद्धिमत्ता का त्रितंत्र सिद्धांत
(3) बुद्धि का सावेंट सिद्धांत
(4) थर्स्टन की प्राथमिक मानसिक योग्यताएँ

Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).	*परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II (गणित व विज्ञान) या भाग - III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।*

PART - II / भाग - II

MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

31. The number of integers less than –3 but greater than –8 is
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 6

32. The distance between two places is 12 km. A map scale is 1 : 25000. The distance between the two places on the map, in cm, is
(1) 24 (2) 36
(3) 48 (4) 60

33. The reciprocal of $\frac{-3}{8} \times \left(\frac{-7}{13}\right)$ is
(1) $\frac{104}{21}$ (2) $\frac{-104}{21}$
(3) $\frac{21}{104}$ (4) $\frac{-21}{104}$

34. The number of vertices in a polyhedron which has 30 edges and 12 faces is
(1) 12 (2) 15
(3) 20 (4) 24

35. When half of a number is increased by 15, the result is 39. The sum of digits of the original number is
(1) 6 (2) 7
(3) 9 (4) 12

31. –3 से छोटी पर –8 से बड़ी पूर्णांकों की संख्या है
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 6

32. दो स्थानों के बीच की दूरी 12 किमी है । एक मानचित्र का स्केल 1 : 25000 है । मानचित्र पर इन दो स्थानों के बीच की दूरी, सेमी में, है
(1) 24 (2) 36
(3) 48 (4) 60

33. $\frac{-3}{8} \times \left(\frac{-7}{13}\right)$ का व्युत्क्रम है
(1) $\frac{104}{21}$ (2) $\frac{-104}{21}$
(3) $\frac{21}{104}$ (4) $\frac{-21}{104}$

34. किसी बहुफलक के 30 किनारे तथा 12 फलक हैं । इस बहुफलक के शीर्षों की संख्या है
(1) 12 (2) 15
(3) 20 (4) 24

35. जब किसी संख्या के आधे में 15 जोड़ दिया जाए तो परिणाम 39 है । वास्तविक संख्या के अंकों का योग है
(1) 6 (2) 7
(3) 9 (4) 12

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

36. In ΔPQT, PQ = PT. The points R and S are on QT such that PR = PS. If ∠PTS = 62° and ∠RPS = 34°, then measure of ∠QPR is

(1) 11° (2) 13°

(3) 15° (4) 17°

37. If for ΔABC and ΔDEF, the correspondence CAB ↔ EDF gives a congruence, then which of the followng is not true ?

(1) AC = DE (2) AB = EF

(3) ∠A = ∠D (4) ∠B = ∠F

38. 40% of (100 – 20% of 300) is equal to

(1) 16 (2) 20

(3) 64 (4) 140

39. HCF of two numbers is 28 and their LCM is 336. If one number is 112, then the other number is

(1) 56 (2) 70

(3) 84 (4) 98

40. If $\frac{2}{3}x = 0.6$ and $0.02\ y = 1$, then the value of $x + y^{-1}$ is

(1) 0.92 (2) 1.1

(3) 49.1 (4) 50.9

36. ΔPQT में, PQ = PT है । बिंदु R और S भुजा QT पर इस प्रकार हैं कि PR = PS है । यदि ∠PTS = 62° तथा ∠RPS = 34° हो, तो ∠QPR की माप है

(1) 11° (2) 13°

(3) 15° (4) 17°

37. यदि ΔABC और ΔDEF सुमेलन CAB ↔ EDF के अंतर्गत सर्वांगसम हो, तो निम्न में से कौन-सा सत्य नहीं है ?

(1) AC = DE (2) AB = EF

(3) ∠A = ∠D (4) ∠B = ∠F

38. (100 – 300 का 20%) का 40% बराबर है

(1) 16 (2) 20

(3) 64 (4) 140

39. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 28 तथा उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 336 है । यदि एक संख्या 112 हो, तो दूसरी संख्या है

(1) 56 (2) 70

(3) 84 (4) 98

40. यदि $\frac{2}{3}x = 0.6$ और $0.02\ y = 1$ है, तब $x + y^{-1}$ का मान है

(1) 0.92 (2) 1.1

(3) 49.1 (4) 50.9

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

41. If $y = \frac{x-2}{x+1}$, $y \neq 1$, then x equals

(1) $\frac{y+2}{1-y}$ (2) $\frac{y+2}{y-1}$

(3) $\frac{y-2}{y+1}$ (4) $\frac{2-y}{1-y}$

42. A square and a circle have equal perimeters. The ratio of the area of the square to the area of the circle is

(1) 1 : 1 (2) 1 : 4

(3) π : 2 (4) π : 4

43. ABCD is a square with AB = $(x + 16)$ cm and BC = $(3x)$ cm. The perimeter (in cm) of the square is

(1) 16 (2) 24

(3) 32 (4) 96

44. The mean of 10 numbers is 0. If 72 and –12 are included in these numbers, the new mean will be

(1) 0 (2) 5

(3) 6 (4) 60

45. The circumference of the base of a right circular cylinder is 44 cm and its height is 15 cm. The volume (in cm^3) of the cylinder is $\left(\text{use } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(1) 770 (2) 1155

(3) 1540 (4) 2310

41. यदि $y = \frac{x-2}{x+1}$, $y \neq 1$ है, तब x बराबर है

(1) $\frac{y+2}{1-y}$ (2) $\frac{y+2}{y-1}$

(3) $\frac{y-2}{y+1}$ (4) $\frac{2-y}{1-y}$

42. एक वर्ग और एक वृत्त के परिमाप बराबर हैं । वर्ग के क्षेत्रफल का वृत्त के क्षेत्रफल से अनुपात है

(1) 1 : 1 (2) 1 : 4

(3) π : 2 (4) π : 4

43. ABCD एक वर्ग है जिसमें AB = $(x + 16)$ सेमी तथा BC = $(3x)$ सेमी है । वर्ग का परिमाप (सेमी में) है

(1) 16 (2) 24

(3) 32 (4) 96

44. दस संख्याओं का माध्य 0 है । यदि इन संख्याओं में 72 और –12 और सम्मिलित कर लिए जाएँ, तो नया माध्य होगा

(1) 0 (2) 5

(3) 6 (4) 60

45. किसी लंबवृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 44 सेमी तथा उसकी ऊँचाई 15 सेमी है । बेलन का आयतन (सेमी^3 में) है $\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$

(1) 770 (2) 1155

(3) 1540 (4) 2310

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

46. **A class VII teacher wants to discuss the following problem in the class :**
"A square is divided into four congruent rectangles. The perimeter of each rectangle is 40 units. What is the perimeter of given square ?"
Key Mathematical concepts required to solve this problem is

(1) Area of square and rectangle, perimeter of square and rectangle and definition of square and rectangle

(2) Meaning of the terms square, rectangle, congruent, perimeter, etc.

(3) Area of rectangle, perimeter of square

(4) Formation of algebraic equation to solve the problem.

47. **Algebra is introduced in the middle classes. According to Piagets' theory of cognitive development, it is appropriate to introduce algebra at this stage as**

(1) the child is at sensorimotor stage and can understand with the help of lots of manipulatives.

(2) the child is at pre-operational stage and can understand abstract concepts.

(3) the child is at concrete-operational stage and he can understand and conceptualize concrete experiences by creating logical structure.

(4) the child is at formal operational stage and is fully mature to grasp the abstract concepts.

46. **कक्षा VII के शिक्षक कक्षा में निम्नलिखित समस्या पर चर्चा करना चाहते हैं :**
"एक वर्ग को चार सर्वांगसम आयतों में विभाजित किया जाता है । प्रत्येक आयत का परिमाप है : 40 इकाई । दिए गए वर्ग का परिमाप क्या है ?"
इस समस्या का हल करने के लिए आवश्यक मुख्य गणितीय संकल्पना है

(1) वर्ग और आयत का क्षेत्रफल, वर्ग और आयत का परिमाप, वर्ग और आयत की परिभाषा

(2) वर्ग, आयत, सर्वांगसम, परिमाप आदि शब्दावली का अर्थ

(3) आयत का क्षेत्रफल, वर्ग का परिमाप

(4) समस्या को हल करने के लिए बीजगणितीय समीकरण

47. **माध्यमिक कक्षाओं में बीजगणित शुरू किया जाता है । पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार इस स्तर पर बीजगणित का परिचय उचित है, क्योंकि**

(1) बच्चा संवेदीगतिक स्तर पर है और बहुत सारे हस्तपरिचालकों के साथ वह समझ सकता है ।

(2) बच्चा पूर्व-संक्रियात्मक स्तर पर है और अमूर्त संकल्पनाएँ समझ सकता है ।

(3) बच्चा मूर्त संक्रियात्मक स्तर पर है और वह तार्किक संरचना का निर्माण करने के द्वारा मूर्त अनुभवों को समझ सकता है ।

(4) बच्चा औपचारिक संक्रियात्मक चरण पर है और अमूर्त संकल्पनाओं को ग्रहण करने के लिए पूर्ण रूप से परिपक्व है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

48. **Mr. Sharma was assessing the students' work on exponents. One of the response sheet was as follows :**

(a) $2^3 \times 2^5 = 2^8$

(b) $3^2 \times 4^2 = (12)^4$

(c) $3^3 \div 3^5 = 3^{-2}$

(d) $7^{20} \div 7^{14} = 7^6$

(e) $9^3 \div 18^6 = \left(\frac{1}{2}\right)^3$

On the basis of this response sheet Mr. Sharma can make the following observations :

(1) Child has understood the laws of exponents and can apply them well.

(2) Child has understood the laws of exponents but has made clerical errors.

(3) Child has understood the laws of exponents but has not practised the questions involving division of two numbers.

(4) Child has understood the law of exponents for the cases where the base is same and has missed the concept for the case where the base is different.

48. **श्री शर्मा ने घातांक पर शिक्षार्थियों को कार्य दिया । एक उत्तर-पत्रक इस प्रकार था :**

(a) $2^3 \times 2^5 = 2^8$

(b) $3^2 \times 4^2 = (12)^4$

(c) $3^3 \div 3^5 = 3^{-2}$

(d) $7^{20} \div 7^{14} = 7^6$

(e) $9^3 \div 18^6 = \left(\frac{1}{2}\right)^3$

इस उत्तर-पत्रक के आधार पर श्री शर्मा निम्नलिखित टिप्पणी दे सकते हैं :

(1) बच्चा घातांक के नियम समझ गया है और भली प्रकार से उसका अनुप्रयोग कर सकता है ।

(2) बच्चा घातांक के नियम समझ गया है लेकिन उसने लेखन-त्रुटियाँ की हैं ।

(3) बच्चा घातांक के नियम समझ गया है लेकिन उसने दो संख्याओं के भाग वाले सवालों का अभ्यास नहीं किया ।

(4) जहाँ आधार समान होता है उन केसों में घातांक के नियमों को समझ गया है लेकिन जहाँ आधार अलग है - उस केस में संकल्पना को समझा नहीं है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

49. **According to Van Hiele level of Geometric thought the five levels of geometric understanding are- visualization, analysis, informal deduction, formal deduction and rigour. Students of class VII are asked to classify the quadrilaterals according to their properties. These students are at _____ level of Van Hiele Geometrical thought.**

(1) Visualization
(2) Analysis
(3) Informal Deduction
(4) Formal Deduction

50. **A task assigned to the class VIII student is as follows :**

An open box is to be made out of a metallic sheet of 50 cm × 65 cm. Length and breadth of the box is 30 cm and 15 cm respectively. What is the possible height of the box ? Also find the volume of this box.

This task refer to

(1) lower level cognitive demand as it requires the knowledge of formulae of volume of cuboid.
(2) lower level of cognitive demand as there is no connection between concepts involved and procedure required.
(3) higher level of cognitive demand as the problem can be solved by making diagrams and connections between many possible situations.
(4) higher level of cognitive demand as it requires the use of conceptual understanding that underline the procedure to complete the task.

49. **वेन हीले के ज्यामितीय विचार के स्तर के अनुसार ज्यामितीय समझ के पाँच स्तर हैं – चाक्षुषीकरण, विश्लेषण, अनौपचारिक निगमन, औपचारिक निगमन और दृढ़ता (rigour) । कक्षा VII के शिक्षार्थियों को चतुर्भुजों को उनकी विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत करने के लिए कहा गया । ये शिक्षार्थी वेन-हीले ज्यामीतीय विचार के _____ स्तर पर हैं ।**

(1) चाक्षुषीकरण
(2) विश्लेषण
(3) अनौपचारिक निगमन
(4) औपचारिक निगमन

50. **कक्षा VIII को निम्नलिखित कार्य दिया गया :**

एक खुला बक्सा 50 सेमी × 65 सेमी की मेटेलिक शीट से बना है । बक्से की लंबाई और चौड़ाई क्रमश: 30 सेमी और 15 सेमी है । बक्से की संभावित ऊँचाई क्या है ? इस बक्से का आयतन भी ज्ञात कीजिए ।

यह कार्य _____ की ओर संकेत करता है ।

(1) निम्न स्तरीय संज्ञानात्मक माँग, क्योंकि यह आयतफलकी (क्यूबॉयड) के आयतन के सूत्र के ज्ञान की माँग करता है
(2) निम्न स्तरीय संज्ञानात्मक माँग, क्योंकि सम्मिलित संकल्पनाओं और आवश्यक प्रक्रिया के मध्य कोई संबंध नहीं है
(3) उच्च स्तरीय संज्ञानात्मक माँग, क्योंकि आरेख बनाते हुए और अनेक संभावित स्थितियों के बीच संबंध बनाते हुए समस्या का हल किया जा सकता है
(4) उच्च स्तरीय संज्ञानात्मक माँग, क्योंकि यह संकल्पनात्मक समझ के उपयोग की माँग करता है जिसमें कार्य को पूरा करने की प्रक्रिया निहित है

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. **Mr. Nadeem gave the following task to his class, after completing the topic on lines and angles :**

Speak for 2 minutes on the following figures using your knowledge about lines and angles :



This task is

(1) Reflective in nature, can be used to pass time.

(2) Exploratory in nature, can be used for summative assessments.

(3) Reflective as well can be used for formative assessment.

(4) Communicating and can encourage Mathematical Talk in the classroom during free time.

51. **श्री नदीम ने रेखाओं और कोण के प्रकरण को पूरा करने के बाद कक्षा को निम्नलिखित कार्य दिया :**

रेखाओं और कोणों के बारे में अपने ज्ञान का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित आकृति (figure) पर 2 मिनट बोलिए :



यह कार्य है

(1) प्रकृति में मननपूर्ण, समय बिताने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ।

(2) प्रकृति में खोजपरक, योगात्मक आकलन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ।

(3) मननपूर्ण और रूपात्मक आकलन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ।

(4) संप्रेषण करने वाला और खाली समय के दौरान कक्षा-कक्ष में गणितीय चर्चा को प्रोत्साहित कर सकता है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

52. **A child of class VII defined the rectangle as follows :**

"Rectangle is a quadrilateral whose opposite sides are parallel and equal."

The definition reflects that the child

(1) cannot recognize the shape.

(2) do not know the correct properties of the shape.

(3) knows the properties of the shape, but repeated some properties in definition.

(4) knows some properties, but missed some important to complete the definition.

53. **A very common error observed in addition of linear expression is $5y + 3 = 8y$.**

This type of error is termed as

(1) Clerical error

(2) Conceptual error

(3) Procedural error

(4) Careless error

52. **कक्षा VII का एक बच्चा इस प्रकार आयत को परिभाषित करता है :**

"आयत चतुर्भुज है जिसके विपरीत पृष्ठ/फलक समानांतर और समान है ।"

परिभाषा यह बताती है कि बच्चा

(1) आकृति को पहचान नहीं सकता ।

(2) आकृति की सही विशेषताओं को नहीं जानता ।

(3) आकृतियों की विशेषताओं को जानता है लेकिन परिभाषा में कुछ विशेषताओं की आवृत्ति करता है ।

(4) कुछ विशेषताएँ जानता है लेकिन परिभाषा को पूरा करने में कुछ महत्त्वपूर्ण बातें छोड़ देता है ।

53. **रेखीय व्यंजक के योग में एक बहुत सामान्य त्रुटि है : $5y + 3 = 8y$**

इस प्रकार की त्रुटि को _____ कहा जा सकता है ।

(1) तुच्छ त्रुटि

(2) संकल्पनात्मक त्रुटि

(3) प्रक्रमणपरक त्रुटि

(4) लापरवाह त्रुटि

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

54. **Read the following question from the class VI text-book :**

"Prabal deposited ₹ 5,000 in a bank at the rate of 5% interest per annum. After 2 years he withdrew the money to purchase the study table for ₹ 3,500. He deposited the money left with him again at the rate of 5% interest per annum for another two years. How much amount will he receive after two years ?"

What values can be inculcated in students through this question ?

(1) Honesty

(2) Habit of saving money and spending it wisely

(3) Sincerity

(4) Simplicity and helping others

55. **Following is a problem from text-book of class VI :**

"Express the following statement through linear expression :

Neha has 7 more toffees than Megha. If Megha has x toffees, how many toffees does Neha have ?"

Which competence of Bloom's cognitive domain is referred in the above question ?

(1) Knowledge

(2) Comprehension

(3) Analysis

(4) Synthesis

54. कक्षा VI की पाठ्य-पुस्तक से निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़िए :

"प्रबल ने 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज पर बैंक में ₹ 5,000 जमा किए । दो वर्ष बाद उन्होंने ₹ 3,500 पढ़ने वाली मेज़ खरीदने के लिए निकाले । उसने अपने पास बची राशि को अन्य दो वर्ष के लिए 5% प्रति वर्ष ब्याज दर पर जमा करा दी । दो वर्ष बाद वह कितनी राशि प्राप्त करेगा ?"

इस प्रश्न के माध्यम से शिक्षार्थियों में कौन-सा मूल्य विकसित किया जा सकता है ?

(1) ईमानदारी

(2) धन की बचत करने और उसे समझदार तरीके से खर्चना

(3) निष्ठा

(4) सादगी और दूसरों की सहायता करना

55. निम्नलिखित एक समस्या है जो कक्षा VI से ली गई है :

"रेखीय व्यंजक के माध्यम से निम्नलिखित कथन को अभिव्यक्त कीजिए :

नेहा के पास मेघा की तुलना में 7 ज्यादा टॉफियाँ हैं । यदि मेघा के पास x टॉफी हैं तो नेहा के पास कितनी टॉफियाँ होंगी ?"

इस सवाल में ब्लूम के संज्ञानात्मक क्षेत्र की किस क्षमता की ओर संकेत किया गया है ?

(1) ज्ञान

(2) बोधन

(3) विश्लेषण

(4) संश्लेषण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

56. If $p = 3^{2000} + 3^{-2000}$ and $q = 3^{2000} - 3^{-2000}$, then the value of $p^2 - q^2$ is

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

57. The square of 9 is divided by the cube root of 125. The remainder is

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

58. The value of $\sqrt{16\sqrt{8\sqrt{4}}}$ is

(1) 16 (2) 8

(3) $8\sqrt[3]{2}$ (4) $16\sqrt{2}$

59. One-half of 1.2×10^{30} is

(1) 6.0×10^{30} (2) 6.0×10^{29}

(3) 0.6×5^{30} (4) 1.2×10^{15}

60. If $\frac{2}{3}$, $\frac{23}{30}$, $\frac{9}{10}$, $\frac{11}{15}$ and $\frac{4}{5}$ are written in ascending order, then the fraction in the middle most will be

(1) $\frac{23}{30}$ (2) $\frac{4}{5}$

(3) $\frac{2}{3}$ (4) $\frac{11}{15}$

56. यदि $p = 3^{2000} + 3^{-2000}$ और $q = 3^{2000} - 3^{-2000}$ हो, तब $p^2 - q^2$ का मान है

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

57. 9 के वर्ग को 125 के घनमूल से भाग देने पर शेषफल है

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

58. $\sqrt{16\sqrt{8\sqrt{4}}}$ का मान है

(1) 16 (2) 8

(3) $8\sqrt[3]{2}$ (4) $16\sqrt{2}$

59. 1.2×10^{30} का आधा है

(1) 6.0×10^{30} (2) 6.0×10^{29}

(3) 0.6×5^{30} (4) 1.2×10^{15}

60. यदि $\frac{2}{3}$, $\frac{23}{30}$, $\frac{9}{10}$, $\frac{11}{15}$ तथा $\frac{4}{5}$ को आरोही क्रम में लिखा जाए, तो बीचों बीच जो भिन्न होगी, वह है

(1) $\frac{23}{30}$ (2) $\frac{4}{5}$

(3) $\frac{2}{3}$ (4) $\frac{11}{15}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

61. The steps required for the conversion of kitchen garbage into manure are given below in a jumbled form.
(A) Put the garbage in the pit.
(B) Cover the bottom of the pit with sand.
(C) Cover the pit loosely with grass or a gunny bag.
(D) Add worms.
The correct sequence of these steps is :
(1) (B), (A), (C), (D)
(2) (B), (C), (A), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (B), (D), (A), (C)

62. Two organisms are best friends and live together. One provides shelter, water and nutrients while the other prepares and provides food. Such an association of organisms is termed as
(1) Autotrophy
(2) Parasitism
(3) Heterotrophy
(4) Symbiosis

63. In the alimentary canal the swallowed food moves downwards because of
(1) the contraction of muscles in the wall of food pipe.
(2) the flow of fluid material taken with the food.
(3) gravitational pull.
(4) force provided by the muscular tongue.

64. Frogs and earthworms breathe through their skin because of which the skin of both the organisms is
(1) dry and rough
(2) dry and slimy
(3) moist and rough
(4) moist and slimy

61. रसोईघर के कचरे को खाद में परिवर्तित करने के कुछ चरण, जो सही क्रम में नहीं हैं, नीचे दिए गए हैं :
(A) कचरे को गड्ढे में डालिए ।
(B) गड्ढे की तली में रेत की परत बिछाकर ढक दीजिए ।
(C) गड्ढे को घास अथवा टाट के बोरे से पोला रखकर ढकिए ।
(D) अब गड्ढे में केंचुए डालिए ।
इन चरणों का सही क्रम है :
(1) (B), (A), (C), (D)
(2) (B), (C), (A), (D)
(3) (B), (A), (D), (C)
(4) (B), (D), (A), (C)

62. दो जीव सबसे अच्छे मित्र हैं और साथ-साथ रहते हैं । इनमें से एक आवास, जल तथा पोषक तत्त्व प्रदान करता है, जबकि दूसरा भोजन बनाता एवं प्रदान करता है । जीवों के इस प्रकार के संबंध को कहते है
(1) स्वपोषण
(2) परजीवीता
(3) विषमपोषण
(4) सहजीवन

63. आहार नाल (पाचन नली) में निगला गया भोजन नीचे की ओर गति करता है, क्योंकि
(1) ग्रास नली (ग्रसिका) की भित्ति की पेशियाँ संकुचन करती हैं ।
(2) भोजन के साथ लिया गया तरल पदार्थ प्रवाहित होता है ।
(3) गुरुत्वीय बल लगता है ।
(4) हृष्ट-पुष्ट जीभ भोजन को नीचे जाने के लिए बल प्रदान करती है ।

64. मेंढक तथा केंचुआ दोनों अपनी त्वचा से श्वसन करते हैं यही कारण है कि इन दोनों जीवों की त्वचा होती है
(1) शुष्क एवं रुक्ष
(2) शुष्क एवं श्लेष्मीय
(3) आर्द्र एवं रुक्ष
(4) आर्द्र एवं श्लेष्मीय

65. **While going for a picnic a student noted the reading on the odometer on the bus after every 10 minutes till the end of the journey. Later on he recorded the reading in a table shown below :**

Time (AM)	Odometer reading (km)
8.00	78752
8.10	78758
8.20	78768
8.30	78780
8.40	78791
8.50	78800
9.00	78806

The average speed of the bus in the entire journey in metres per second was

(1) 15 (2) 18

(3) 30 (4) 54

66. **You are provided with a concave mirror, a concave lens, a convex mirror and a convex lens. To obtain an enlarged image of an object you can use either**

(1) concave lens or convex lens

(2) concave mirror or convex mirror

(3) concave mirror or concave lens

(4) concave mirror or convex lens

67. **Select from the following a set of <u>Kharif Crops</u> :**

(1) Cotton, paddy, pea, linseed

(2) Paddy, maize, cotton, soyabean

